**म.प्र.भू.संपदा विनियामक प्राधिकरण, भोपाल**

आदेश–पत्रिका

भू–संपदा अभिकर्ता का नाम– Ashish Barjatya    पंजीयन रि.आई.डी.- 194194642823

| कार्यवाही की तारीख, स्थान | आदेश |
|---|---|
| 05.10.2023 | 1– आवेदक Ashish Barjatya पता– 2-C Rao Raja Park South Tukoganj Behind Apollo Tower Indore 452001 द्वारा व्यक्तिगत भू–संपदा अभिकर्ता के रूप में पंजीयन के नवीनीकरण हेतु ऑफ लाईन आवेदन दिनांक 22.11.2022 को प्रस्तुत किया गया है तथा आवेदन शुल्क राशि रुपये 10,000/– जमा की गई है। जिसकी पुष्टि लेखा शाखा द्वारा दिनांक 20.09.2023 को की गई।<br><br>2– Ashish Barjatya जिसे एतत् पश्चात् ''व्यक्तिगत अभिकर्ता'' कहा जाएगा, को, म.प्र. भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण भोपाल द्वारा, जिसे एतत् पश्चात् ''प्राधिकरण'' कहा जाएगा, के आदेश दिनांक 13-07-2017 से भू–संपदा अभिकर्ता के रूप में भू–संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम 2016, जिसे एतत् पश्चात् ''अधिनियम'' कहा जाएगा, की धारा 9 सहपठित म.प्र. भू–संपदा (विनियमन और विकास) नियम, 2017 के नियम 11(4) के प्रावधान अनुसार 05 वर्ष की अवधि के लिए भू–संपदा अभिकर्ता पंजीकृत कर, पंजीयन क्रमांक A-IND-17-007 जारी किया गया था जो दिनांक 12.07.2022 तक विधिमान था।<br><br>3–''व्यक्तिगत अभिकर्ता'' द्वारा उपरोक्त पंजीयन की शर्तों के अनुकूल वित्तीय वर्ष 2018–19, 2019–20, 2020–21 एवं 2021–2022 में किये गये संव्यवहार के वार्षिक प्रतिवेदन प्राधिकरण के पोर्टल पर अपलोड नहीं किये गये हैं और इस प्रकार पंजीयन के बाद किसी भी वर्ष का वार्षिक प्रतिवेदन उनके द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। उपरोक्त चूक के द्वारा ''व्यक्तिगत अभिकर्ता'' द्वारा पंजीयन की शर्त एवं अधिनियम की धारा–37 के अंतर्गत प्राधिकरण द्वारा दिए गए आदेश एवं निर्देश का उल्लंघन किये जाने से अधिनियम की धारा–65 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु प्रकरण क्रमांक–22–65–110 पंजीबद्ध किया गया।<br><br>4– आवेदक ''व्यक्तिगत अभिकर्ता'' को विधिवत सुनवाई का अवसर दिये जाने के उपरांत प्राधिकरण के आदेश दिनांक 08.02.2023 द्वारा राशि रुपये 15000.00 (रुपये पन्द्रह हजार) की शास्ति अधिरोपित की गई। आवेदक द्वारा उपरोक्तानुसार राशि रुपये 15000.00 के प्राधिकरण के खाते में जमा होने की पुष्टि लेखा शाखा द्वारा दिनांक 19.04.2023 की गई है।<br><br>5–आवेदक को पूर्व में प्राप्त पंजीयन दिनांक 12.07.2022 तक विधिमान था अतः नियम 12(1) के अनुसार नवीनीकरण का आवेदन दिनांक 12.01.2022 एवं दिनांक 12.04.2022 के मध्य किया जाना था, किन्तु अभिकर्ता द्वारा इसे दिनांक 22.11.2022 को प्रस्तुत किया गया है। इस प्रकार आवेदक द्वारा विहित समयावधि में आवेदन करना नहीं पाया जाने से प्राधिकरण के आदेश दिनांक 03.07.2023 से नवीनीकरण का आवेदन अस्वीकार किया गया। जिसके उपरांत आवेदक द्वारा नये पंजीयन के स्वरूप यह आवेदन दिनांक 14.09.2023 को प्रस्तुत किया गया। तकनीकी सलाहकार की पंजीयन संक्षेपिका दिनांक 29.09.2023 के अनुसार आवेदक ''व्यक्तिगत अभिकर्ता'' द्वारा नवीन पंजीयन हेतु समस्त वांछित औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं एवं नवीन पंजीयन किये जाने की अनुशंसा की गई है।<br><br>निरन्तर :– 2................................ |

<u>पूर्व पृष्ठ से निरन्तर</u> :-

Ashish Barjatya
194194642823

(7) ''व्यक्तिगत अभिकर्ता '' अपने साईनबोर्ड, पत्राचार के लेटर पेड, प्रचार–प्रसार और विज्ञापन करते समय अपने ''व्यक्तिगत अभिकर्ता '' पंजीयन क्रमांक का उल्लेख करेगा।

(8) एजेन्ट प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर जारी विनियम, दिशा–निर्देश आदि से विहित अन्य कृत्यों का निर्वहन करेगा।

उपरोक्तानुसार आवेदक ''व्यक्तिगत अभिकर्ता '' का पंजीयन आवेदन स्वीकार किया जाता है। सचिव रेरा, मध्यप्रदेश भू–संपदा (विनियमन एवं विकास) नियम, 2017 के नियम 12(5) से विहित प्रारूप '(k)' में पंजीयन प्रमाण–पत्र जारी करें। उपरोक्त सभी शर्ते पंजीयन प्रमाण–पत्र का अंग रहेंगी। आवेदक द्वारा आवेदन दिनांक 14.09.2023 से अनुरोध किया गया है कि उन्हें पूर्व में प्रदाय पंजीयन कमांक उपलब्ध कराया जावे, तद्नुसार आई.टी. शाखा पंजीयन क्रमांक **'नवीन'** उपसर्ग सहित प्रदाय करें।

(सुरेन्द्र सिंह राजपूत)
**सदस्य**

अवर सचिव
म.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण
भोपाल (म.प्र.)

MD/537/23
05.10.23

